# राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ, इकाई–जयपुर

**RAJASTHAN SUBORDINATE COMPUTER EMPLOYEE ASSOCIATION, UNIT-JAIPUR**

(अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध)

कार्यालय पताः सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग(मुख्यालय), जयपुर (राज.)

**Website: jaipur.rajitunion.com | E-mail : info@jaipur.rajitunion.com**

कपिल चौधरी (प्रदेशाध्यक्ष) मो. 9950500720

मान सिंह राठौड़ (जिला अध्यक्ष) मो. 9928014893

संजय जगदीश कर्णिक (संरक्षक)

दीपचन्द कुमावत (महासचिव) मो. 9785624004

प्रकाश कुमार माली (कोषाध्यक्ष) मो. 8233225728

वंदना काँवत (महिला मोर्चा अध्यक्ष) मो. 9414313393

सत्यनारायण कुमावत (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) मो. 9887931644

अजय कुमार यादव (उपाध्यक्ष) मो. 9785314406

निर्मला मिश्रा (महिला मोर्चा उपाध्यक्ष) मो. 9929693993

नीरज शर्मा (संयुक्त सचिव) मो. 9929270161

इन्दु शेखर मिश्रा (मीडिया प्रभारी) मो. 9461306261


क्रमांक : आई.टी./जयपुर/28 दिनांक : 17.06.2025

श्रीमान् तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव,
सूचना प्रौद्यिगिकी एवं संचार विभाग,
राजस्थान सरकार।

विषयः– बोर्ड में पदस्थापित आई.टी. कैडर के समक्ष उत्पन्न समस्याओं बाबत्।
संदर्भः– बोर्ड के कार्मिकों के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा जिला ईकाई के संज्ञान में आया है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा में पदस्थापित आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों को अधिकारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। प्राप्त परिवाद अनुसार बोर्ड में उत्पन्न समस्याऐं निम्नानुसार है–

- कार्मिकों/अधिकारियों को धमकी दी जा रही है कि आपका ट्रांसफर रिमोट एरिया (बाड़मेर, जैसलमेर) में करा देंगे। कार्मिकों/अधिकारियों को उनके जॉब चार्ट एवं नियमों के विरूद्ध जबरदस्ती कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।
- कार्मिकों/अधिकारियों को लगातार धमकी दी जाकर कुछ कार्मिकों/अधिकारी को बोर्ड से ए.पी.ओ. कर उनके ए.पी.ओं. आदेशों मे अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर कार्यमुक्त किया गया है।
- बोर्ड से कार्यमुक्त करते समय कार्मिक के सामने ही कहा जा रहा है कि डीओपी को पत्र लिखा जाये कि आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों की बोर्ड कार्यालय में कोई जरूरत नहीं है।
- कार्मिक/अधिकारी जब 5 मिनट के लिए भी सीट से पानी व लघुशंका के लिए जाते है तो उनके विरूद्ध 17 सीसी नोटिस प्रस्तावित करने की भी धमकी दी जा रही है।
- कार्मिकों को उनके द्वारा सम्पादित कार्य का इन्द्राज प्रतिदिवस गूगल शीट पर करने का दबाव बनाया जा रहा है। यदि कार्मिक गूगल शीट नहीं भरते है, तो उन्हे चेतावनी पत्र दिया जाकर भविष्य में नोटिस दिये जाने की धमकी दी जाकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।
- बोर्ड में कार्यरत समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों को गूगल शीट नहीं भरने की स्थिति में वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल टिप्पणी करने एवं कार्यमुक्त करने की धमकी दी जा रही है। आई.टी. कार्मिकों एवं अधिकारियों को वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन भरने हेतु गूगल शीट को ही आधार मानने की चेतावनी दी गयी है।

अतः उपरोक्त बोर्ड में व्याप्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुये समाधान कराने का श्रम करावें।

(मान सिंह राठौड़)
जिला अध्यक्ष, जयपुर

सेवा में,

श्रीमान् तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव,
सूचना प्रौद्यिगिकी एवं संचार विभाग,
राजस्थान सरकार।

विषयः– बोर्ड में पदस्थापित आई.टी. कैडर के समक्ष उत्पन्न समस्याओं बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा में पदस्थापित आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों यथा सूचना सहायक, सहायक प्रोग्रामर प्रोग्रामर, एसीपी आदि का **वर्तमान में बोर्ड के अधिकारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। कार्मिकों/अधिकारियों को धमकी दी जा रही है कि आपका ट्रांसफर रिमोट एरिया (बाड़मेर, जैसलमेर...) में करा देंगे। कार्मिकों/अधिकारियों को उनके जॉब चार्ट एवं नियमों के विरूद्ध जबरदस्ती कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।** आई.टी. कैडर के कार्मिक/अधिकारी लगातार कई वर्षो से बोर्ड की सफलता की धूरी रहे है और वर्तमान में भी बोर्ड कार्यालय का सम्पूर्ण कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है, जिसमे आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों का योगदान सराहनीय है। आई.टी. कार्मिक/आधिकारी ईमानदारी से कार्य कर रहे है, राजकीय अवकाश के दिनों में भी कार्मिकों/अधिकारियों की ड्यूटी लगायी जाने के बावजूद सभी आई.टी. कार्मिकों द्वारा बोर्ड अधिकारियों के निर्देशों की पालना में लगातार कार्य किया जा रहा है। **इसके बावजूद कार्मिकों/अधिकारियों को लगातार धमकी दी जाकर कुछ कार्मिकों/अधिकारी को बोर्ड से ए.पी.ओ. कर उनके ए.पी.ओं. आदेशों मे अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर कार्यमुक्त किया गया है। साथ ही यहां से कार्यमुक्त करते समय कार्मिक के सामने ही कहा जा रहा है कि डीओपी को पत्र लिखा जाये कि आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों की बोर्ड कार्यालय में कोई जरूरत नहीं है। साथ ही कार्मिकों द्वारा जब कोई पत्र तैयार कर अवलोकन के लिए अधिकारियों को भेजा जाता है, तो उसमें कोई लिपिकीय त्रुटि रह जाती है, तो सीधा ही नोटिस/चार्जशीट देने की धमकी दी जा रही है। कार्मिक/अधिकारी जब 5 मिनट के लिए भी सीट से पानी व लघुशंका के लिए जाते है तो उनके विरूद्ध 17 सीसी नोटिस प्रस्तावित करने की भी धमकी दी जा रही है।**

उपरोक्त कठिन परिस्थितियों के बारे में आई.टी. कैडर के कार्मिक/अधिकारी द्वारा बोर्ड अधिकारियों **को अवगत कराया जाता है, तो अधिकारियों द्वारा कार्मिकों/अधिकारियों की समस्या सुनने के बजाय उनकी उक्त समस्याओं को अनसुना किया जा रहा है।** साथ ही कार्मिकों को उनके द्वारा सम्पादित कार्य का इन्द्राज प्रतिदिवस गूगल शीट पर करने का दबाव बनाया जा रहा है। यदि कार्मिक गूगल शीट नहीं भरते है, तो उन्हे चेतावनी पत्र दिया जाकर भविष्य में नोटिस दिये जाने की धमकी दी जाकर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जबकि नियमों में कही भी राजस्थान सरकार के समस्त कार्मिकों द्वारा प्रतिदिवस गूगल शीट भरने का कोई प्रावधान नहीं है। बोर्ड में कार्यरत समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों को गूगल शीट नहीं भरने की स्थिति में वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल टिप्पणी करने एवं कार्यमुक्त करने की धमकी दी जा रही है। आई.टी. कार्मिकों एवं अधिकारियों को वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन भरने हेतु गूगल शीट को ही आधार मानने की चेतावनी दी गयी है।

**उक्त स्थिति के बारे में जब विभाग को यह प्रार्थना पत्र दिये जाने की स्थिति में बोर्ड में पदस्थापित आई. टी. कैडर के कार्मिक को नकारात्मक टिप्पणी करते हुए कार्यमुक्त किये जाने की भी पूर्ण सम्भावना है।**

इस प्रकार उपरोक्त कठिन परिस्थितियों का सामना बोर्ड के आई.टी. कार्मिकों/अधिकारियों को करना पड़ रहा है **जिससे सभी मानसिक तनाव से ग्रस्त हो रहे है। मानसिक तनाव के कारण कार्मिकों/अधिकारियों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।** आई.टी. के कार्मिकों/अधिकारियों द्वारा इन परिस्थितियों में बोर्ड कार्यालय में कार्य करना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि उक्त **कठिन परिस्थितियों के मध्यनजर बोर्ड कार्यालय में पदस्थापित आई. टी. कैडर के कार्मिकों/अधिकारियों का कैडर समाप्त कर सामूहिक स्थानान्तरण अन्य स्थान पर करने का श्रम करावें।**

धन्यवाद।

**संलग्नः** कार्यमुक्त आदश, नोटिस, चेतावनी पत्र।

समस्त आई.टी. कार्मिक/अधिकारी
RSSB, Durgapura

Copy :

1. Chairman, RSSB Durgapura
2. Secretary, RSSB Durgapura

| No. | Officer Name | Designation | Sign |
|---|---|---|---|
| 1 | RAMESH KUMAR KUMAWAT | ANALYST-CUM-PROGRAMMER (DEPUTY DIRECTOR) | |
| 2 | MAHBOOB KHAN | PROGRAMMER | |
| 3 | RITU PARNAMI | PROGRAMMER | |
| 4 | APEKSHA SHARMA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 5 | VIRENDRA UDAIWAL | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 6 | ITISHA JAIMAN | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 7 | BHANWAR CHOUDHARY | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 8 | DIPESH JANGIR | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 9 | NITESH PAREEK | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 10 | JASWANT KANWER RATHOR | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 11 | AKSHAY KUMAR PATHAK | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 12 | LEKHRAJ JATAWAT | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 13 | RAVI VERMA S/O SH. PRABHU LAL VERMA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 14 | CHANDRA PRAKASH BAIRWA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 15 | KUSUM BHARTI | ASSISTANT PROGRAMMER | On CCL |
| 16 | KAMLESH KUMAR MEENA S/O SH. SHARWAN LAL MEENA | ASSISTANT PROGRAMMER | Relived From Board |
| 17 | SHANKAR LAL MEENA S/O SH. RAM PAL MEENA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 18 | SHASHI VERMA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 19 | MOHAN LAL BAIRWA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 20 | GAUTAM SONKARIYA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 21 | BHARTI MEENA D/O SH DHARM DUTT MEENA | ASSISTANT PROGRAMMER | |

| S.No. | Officer Name | Designation | Sign |
|---|---|---|---|
| 22 | MANISH SHARMA S/O SH. NAND KISHOR SHARMA | ASSISTANT PROGRAMMER | [signature] |
| 23 | ASHOK KUMAR MEENA S/O SH. GANESH KUMAR MEENA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 24 | BHAGWAN SAHAY RUNDLA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 25 | SURESH KUMAR KUMAWAT | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 26 | RAMRAJ BHAKHAR | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 27 | VIKRAM SINGH S/O SH. SHREEPAL SINGH GURJAR | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 28 | VIJANDR CHOUDHRY | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 29 | SUBHASH CHANDER JALINDRA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 30 | PRATIBHA AMBERIYA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 31 | SOMDATT CHANWALA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 32 | SONU BAIRWA S/O SH. LAXMI NARAYAN BAIRWA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 33 | VIJAY KUMAR S/O SH. OM PRAKASH | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 34 | SANJAY BUNTOLIA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 35 | MONIKA D/O SH. JAI SINGH | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 36 | REENA RAY | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 37 | KUSUM SINGH | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 38 | MANOJ KUMAR GUPTA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 39 | MOHD ASLAM KHAN | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 40 | ANITA MAHAWAR | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |
| 41 | SANGEETA BAIRWA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 42 | SANJAY KUMAR MEENA S/O SH. GHASI LAL MEENA | INFORMATICS ASSISTANT | [signature] |

| S.No. | Officer Name | Designation | Sign |
|---|---|---|---|
| 22 | MANISH SHARMA S/O SH. NAND KISHOR SHARMA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 23 | ASHOK KUMAR MEENA S/O SH. GANESH KUMAR MEENA | ASSISTANT PROGRAMMER | |
| 24 | BHAGWAN SAHAY RUNDLA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 25 | SURESH KUMAR KUMAWAT | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 26 | RAMRAJ BHAKHAR | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 27 | VIKRAM SINGH S/O SH. SHREEPAL SINGH GURJAR | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 28 | VIJANDR CHOUDHRY | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 29 | SUBHASH CHANDER JALINDRA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 30 | PRATIBHA AMBERIYA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 31 | SOMDATT CHANWALA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 32 | SONU BAIRWA S/O SH. LAXMI NARAYAN BAIRWA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 33 | VIJAY KUMAR S/O SH. OM PRAKASH | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 34 | SANJAY BUNTOLIA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 35 | MONIKA D/O SH. JAI SINGH | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 36 | REENA RAY | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 37 | KUSUM SINGH | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 38 | MANOJ KUMAR GUPTA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 39 | MOHD ASLAM KHAN | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 40 | ANITA MAHAWAR | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 41 | SANGEETA BAIRWA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 42 | SANJAY KUMAR MEENA S/O SH. GHASI LAL MEENA | INFORMATICS ASSISTANT | |

| No. | Officer Name | Designation | Sign |
|---|---|---|---|
| 43 | BHARTI JARWAL | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 44 | MANISHA MEENA D/O SH. RAMESH LAL MEENA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 45 | CHETNA MEENA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 46 | SHAKUNTLA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 47 | KARANJEET JAKHAR | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 48 | RENU MEENA | INFORMATICS ASSISTANT | |
| 49 | Jitendra Kumar | IA | |

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर , 302018, दूरभाष नं. 2722520–21

क्रमांक : प.13(6)/RSSB/नि.स./सचिव/राजकाज पत्रावली/2025/ दिनांक

श्री संजय कुमार माथुर
संयुक्त निदेशक, आई.टी. सैल

विषय :– स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पशु परिचर भर्ती परीक्षा 2023 में डमी अभ्यर्थियों के बैठने की आशंका जताते हुए लाईव फोटो एवं हैंडराइटिंग नमूना अपलोड करने हेतु श्री बीरम मल मेहर (अध्यापक) द्वारा श्रीमान उपमुख्यमंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा को संबोधित प्रार्थना–पत्र (मा. उपमुख्यमंत्री महोदय के कार्यालय़ पंत्राक 2786 दिनांक 05.09.2024) ई–डाक के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को दिनांक 12.03.2024 को प्राप्त होने पर प्रकरण में अपेक्षित अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 19.09.2024 को आपको ऑनलाईन प्रेषित किया गया था।

अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के द्वारा मौखिक रूप से कई बार आपको बोर्ड कार्यालय में प्राप्त ई–फाईल का समय पर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश प्रदान किये जाने के उपरांत भी उक्त प्रकरण 6 माह पश्चात दिनांक 19.03.2025 को बिना किसी टिप्पणी के अद्य हस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष प्रस्तुत किया गया जो कि उचित नहीं है।

आपका उक्त कृत्य राजकार्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना का परिचायक है। अतः आपके विरूद्ध क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावें ? इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. बी.सी. बधाल)

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.03.28 15:46:25 IST
Reason: Approved

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर . 302018, दूरभाष नं. 2722520–21

क्रमांक : प.13(6) / RSSB / नि.स. / सचिव / राजकाज पत्रावली / 2025 / दिनांक

श्री संजय कुमार माथुर, संयुक्त निदेशक
श्री रमेश कुमावत, एसीपी
श्री नितेश पारीक, सहायक प्रोग्रामर
श्री करणजीत जाखड़, सूचना सहायक

विषय :– स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 02.04.2025 को अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा राजकाज संबंधी प्रकरणों का निरीक्षण के दौरान आपके पास निस्तारण हेतु प्राप्त ई–डाक / ई–फाईल काफी संख्या में लम्बित पाये जाने पर उक्त दिनांक 02.04.25 को अपराह्न 03.00 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा अपने समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देश प्रदान किए जाने के उपरांत भी आप उपस्थित नहीं हुए, जो कि उचित नहीं है।

आपका उक्त कृत्य राजकार्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना का परिचायक है। अतः आपके विंरूद्ध क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावें ? इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.04.08 13:01:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14581420

के स्वा... वेतन कार्या... ने की स्व... में राजकीय ... शिक्षक (करा... मुद्दाक... में अव... सन्दर्भ में ... पदस्थापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर , 302018, दूरभाष नं. 2722520–21

क्रमांक : प.24(4)(001)RSSB / उपसचिव(परीक्षा) / विविध / 2025 / दिनांक

श्री कृष्णावतार मीणा, प्रोग्रामर
श्री सुभाष जलिन्द्रा, सूचना सहायक

विषय :– स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्री कृष्णावतार मीणा, प्रोग्रामर व श्री सुभाष जलिन्द्रा सूचना सहायक की दिनांक 24.04.2025 को प्रातः स्कैनिंग रूम 104 में ड्यूटी थी। उक्त दोनों कार्मिक लगभग 1 बजे स्कैनिंग रूम को बिना कोई सूचना दिए छोड़कर चले गये व लगभग आधे घण्टे तक नहीं लौटे। माननीय सदस्य, वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष महोदय द्वारा सी.सी.टी.वी. में इसे देखा गया व श्री संजय कुमार माथुर एस.ए. (जे.डी.) को स्कैनिंग रूम में पहुच कर वस्तुस्थिति की जानकारी देने हेतु कहा गया। स्कैनिंग रूम में देखे जाने पर ड्यूटी पर केवल सुश्री सौम्या भट्ट, लिपिक ग्रेड द्वितीय ही मौजूद थी। स्कैनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य में ड्यूटी से इस प्रकार बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित हो जाना गंभीर विषय है।

आपका उक्त कृत्य राजकार्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना का परिचायक है। अतः आपके विरूद्ध क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावें ? इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.05.06 09:52:41 IST
Reason: Approved

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796


भीम BhIM भारत इंटरफेस फॉर मनी

क्रमांकः प.1(4)(3)RSSB / संस्था / कर्मचारी / 2025 दिनांकः यथाहस्ताक्षर

श्री नितेश पारीक,
सहायक प्रोग्रामर

विषय :–स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप संस्थापन शाखा को सूचित किये बिना ही दिनांक 07.05.2025 से 09.05.2025 तक बोर्ड कार्यालय में अनुपस्थित रहें।

आपका उक्त कृत्य राजकार्य के प्रति लापरवाही का परिचायक है। अतः आपके विरूद्ध क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावें ? इस सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**(डॉ.बी.सी.बधाल)**
**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.05.29 23:19:33 IST
Reason: Approved

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः– प.1(5)RSSB / संस्था / पदो का सृजन / 2025 / दिनांक :

## –:कार्यालय आदेशः–

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर के आदेश क्रमांक प.2 (1401) सूप्रौ / संस्था / 13 / पार्ट–11 / 03634 / 2024 825 दिनांक 20.08.2024 के द्वारा श्री कृष्ण अवतार मीना, प्रोग्रामर (निजी सचिव पद के विरूद्ध स्वयं की वेतन श्रृंखला में) का स्थानान्तरण / पदस्थापन बोर्ड कार्यालय में किया गया था। जिसकी पालना में श्री मीना द्वारा दिनांक 20.08.2024 को मध्यान्ह पूर्व उक्त पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया था।

श्री मीना के द्वारा बोर्ड कार्यालय में पदस्थापन के दौरान स्कैनिग जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति लापरवाही, उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना / दुर्व्यवहार करने तथा सोशल मीडिया पर कार्यालय नैतिकता के लिए अनुचित भाषा का प्रयोग करने के फलस्वरूप आदेश जारी होने की तिथि से कार्यमुक्त कर निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी उपस्थिति अपने मूल विभाग में दिया जाना सुनिश्चित करें।

**(डॉ. बी.सी. बधाल)**
**सचिव**

क्रमांकः– प.1(5)RSSB / संस्था / पदो का सृजन / 2025 / दिनांक :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. वरिष्ठ लेखाधिकारी, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
2. तकनीकी निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. सम्बन्धित कार्मिक ......................................।
4. निजी / रक्षित पत्रावली।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.05.09 23:12:17 IST

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552798

प.1(34)RSSB / संस्था / विविध / 2024 / पार्ट फाईल(4) दिनांकः यथा हस्ताक्षर

1. श्री मनीष शर्मा, सहायक प्रोग्रामर
2. श्री चन्द्रप्रकाश बैरवा, सहायक प्रोग्रामर
3. श्री भगवान सहाय रूण्डला, सूचना सहायक
4. श्रीमती प्रेम चौधरी, लिपिक ग्रेड प्रथम

विषय :– प्रतिदिवस कार्य का इन्द्राज गूगल फार्म पर पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बोर्ड कार्यालय में कार्मिकों को उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य का इन्द्राज प्रतिदिवस गूगल फार्म पर करने हेतु निर्देशित किया गया है। आज दिनांक को गूगल फार्म रिपोर्ट का अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अवलोकन करने पर पाया गया कि आप द्वारा उक्त गूगल फार्म में प्रतिदिवस किये जाने वाले कार्य का इन्द्राज का विवरण पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से नहीं किया जा रहा है, जिस कारण आप द्वारा प्रतिदवस किये जाने वाले कार्य का आंकलन नहीं किया जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है आप उक्त कार्य के प्रति गंभीर नहीं है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप प्रतिदिवस सम्पादित किये जाने वाले कार्य का इन्द्राज गूगल फार्म पर पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से बिन्दुवार करें, जिससे आपके द्वारा किये जाने वाले कार्य का आंकलन किया जा सकें। भविष्य में इसे गंभीरता से लिया जावेगा एवं वार्षिक मूल्यांकन का यह मुख्य आधार होगा।

**(नरेन्द्र कुमार जैन)**
**उपसचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Narendra Kumar Jain
Designation : Deputy Secretary
Date: 2025.06.09 14:01:45 IST
Reason: Approved